मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः04.02.2025

माह जनवरी-2025 में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली–जन सुनवाई पोर्टल (IGRS) पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण में जनपद मीरजापुर व जनपद के समस्त 19 थानों को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है-

शासन द्वारा संचालित जन सुनवाई पोर्टल (IGRS) पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तर पर मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर “सोमेन बर्मा” के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी (IGRS) के निकट पर्यवेक्षण में जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालय /थानों पर प्राप्त जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया, जिसके फलस्वरुप शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर निर्धारित की जाने वाली रैंकिंग में माह जनवरी- 2025 में जनपद मीरजापुर व जनपद मीरजापुर के समस्त 19 थानों को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

जनपद मीरजापुर व जनपद मीरजापुर के समस्त थानो जिनकी उ0प्र0 में प्रथम रैंक आई है। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली - जनसुनवाईपोर्टल (IGRS) में नियुक्त समस्त कर्मियो की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा सराहना की गयी है।